आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 29.09.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा मामले की सी.बी.आई जांच की जाएगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून से डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने कहा – स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार के अंतर्गत देशभर में 9 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।
- चम्पावत जिले के लोहाघाट में ''पौध किस्म व कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम'' विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन।

पेपर लीक सीबीआई जांच

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा मामले की सी.बी.आई जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के परेड ग्राउंड में आंदोलन कर रहे युवाओं के बीच पहुंचकर आयोग की गत सप्ताह आयोजित परीक्षा प्रकरण की सीबीआई जांच कराने पर सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में एसआईटी द्वारा की जा रही है। कमेटी ने काम भी शुरु किया है, लेकिन फिर भी युवा, सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, इस कारण सरकार इस मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का एक ही संकल्प है कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए।

बहुउद्देशीय शिविर रथ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून से डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रथ 125 दिनों तक राज्य के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 240 बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्ग के लोगों तक केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाएगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जायेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

शहीद आंगन मिट्टी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज शहीद सम्मान यात्रा के दूसरे चरण के अंतर्गत अमर शहीद लेफ्टिनेंट प्रतीक आचार्य के देहरादून स्थित आवास पर पहुंचकर उनके आंगन की पवित्र मिट्टी का ताम्र कलश में संग्रहण किया। उन्होंने कहा कि गुनियाल गांव, देहरादून में शौर्य स्थल– सैन्य धाम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी शहीद सैनिकों के घर–आंगन की मिट्टी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा के दूसरे चरण का समापन पांच अक्टूबर को लैंसडाउन में किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शहीद परिवारों को सम्मानित करेंगे।

स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार

स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया है कि स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। नई दिल्ली में आज एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य सम्मेलन में श्री नड्डा ने बताया कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, देश का स्वास्थ्य दृष्टिकोण, उपचारात्मक दृष्टिकोण से हटकर एक समग्र मॉडल की ओर बढ़ गया है।

प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

चम्पावत जिले के कृषि विज्ञान केंद्र, लोहाघाट में ''पौध किस्म व कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम'' विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए किसान, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रगतिशील किसानों को वैज्ञानिक तकनीक से कृषि के तौर–तरीकों की जानकारी दी जा रही है।

बैडमिंटन कोर्ट

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिला खेल कार्यालय परिसर में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल संरचनाओं का विकास, उभरती प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक अहम कदम है। जिलाधिकारी ने तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित ताइक्वांडो खिलाड़ी अलीशा मनराल और खो–खो में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त टीमों, बॉक्सिंग और बैडमिंटन के पदक विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों और युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

सड़क डामरीकरण

बारिश कम होते ही अल्मोड़ा जिले के कैंट प्रशासन, रानीखेत ने सड़कों  का सुदृढ़ीकरण और गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया है। भारी बारिश के कारण रानीखेत कैंट क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों में गड्ढे होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। कैंट के सीईओ कुणाल रोहिला ने कहा कि अभी बाजार में सड़कों पर काम किया जा रहा है। बाद में रानीझील तक सड़क भी ठीक कराई जाएगी।

जनता दर्शन कार्यक्रम

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर आज ऋषिपर्णा सभागार में अपर जिलाधिकारी, प्रशासन, जय भारत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जन समस्याएं सुनी गईं। दूर–दराज से पंहुचे लोगों ने भूमि विवाद, घरेलू हिंसा, सिंचाई गूल, बाढ़ सुरक्षा, आपदा में क्षति, मुआवजा आदि से जुड़ी 101 शिकायतें रखी। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।